राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
04.12.2018

आईआईटी बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू के छात्र-छात्राओं पर लाखों की बारिश

टेस्को, टीसीएस और फ्लिपकार्ट समेत कई कंपनियों ने दी नौकरी

अब तक 87 देशी विदेशी कंपनियां ले चुकी हैं हिस्सा

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में तीन दिन से चल रहे कैंपस प्लेसमेंट में सोमवार को भी तीसरे दिन दो सत्रों में संपन्न हुआ। संस्थान के आर्यभट्ट छात्रावास में चल रहा कैंपस प्लेसमेंट के पहले सत्र में 66 छात्र-छात्राओं को विभिन्न कंपनियों ने नौकारी का ऑफर लेटर दिया। इसमें न्यूनतम आठ लाख और सर्वाधिक 25 लाख 91 हजार का पैकेज पर छात्र-छात्राओं को दिया गया है। 20 दिसंबर तक चलने वाले इस प्लेस्मेंट की प्रक्रिया के दूसरे सत्र में टेस्को, टीसीएस और फ्लिपकार्ट ने लिए प्रौद्यागिकी संस्थान के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार हुआ।

इस दौरान आईआईटी बीएचयू कैंपस में सुबह आठ बजे से ही प्लेसमेंट की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें 30 कंपनियों ने दो सत्रों में ऑनलाइन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया। दूसरे सत्र में चयनित अभ्यर्थियों को मंगलवार सुबह आठ बजे से चलने वाली प्लेसमेंट की प्रक्रियाओं में उनकी लगी नौकरी का ऑफर लेटर दिया जायेगा। पहले सत्र में टाटा स्टील, रियालंस जियो और मारुति ने लिए इंटरव्यू हुआ। वहीं रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, सेपियंट, वेरिटास, टाटा स्टील, सिटी पुणे, फायर आई, रिलायंस जियो (एसडीई), यूलर, माईकर्मा, सैमसंग दिल्ली, मारुति, आईश्री नेटवर्क, मैथवर्क कंपनियों ने छात्र-छात्राओं को आठ लाख से 25 लाख 91 हजार के सालाना पैकेज आफर के बांड पर आईआईटी बीएचयू के छात्र-छात्राओं को हस्ताक्षर कराया। दूसरे सत्र में टेस्को, टीसीएस, साइट्रिक्स, एसआरआईएन, मंत्रा बीडीए, मॉर्गन स्टेनले, पेयपल, फिडली इन्वेस्टमेंट, ओयो रूम्स, फ्लिपकार्ट, टाइम्स इंटरनेट, एजवर्व सर्विसनॉउ ने 12 लाख से 25 का सालाना पैकेज आफर के बांड पर आईआईटी बीएचयू के छात्र-छात्राओं को हस्ताक्षर कराया। तीन दिन में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान काशी हिन्दू विवि के कैंपस प्लेसमेंट में 87 कंपनियां हिस्सा ले चुकी हैं।